# कार्यालय मुख्य अग्निशमन अधिकारी, वाराणसी।

पत्र संख्या: एसटी/एफएस/आई–3(स्कूल/सी)/2016 दिनांक: नवम्बर 28, 2024

सेवा में,

**स्वामी/प्रबन्धक,**
**मुकुलारण्यम् डी–57/32 सिगरा,**
**वाराणसी।**

विषयः विद्यालय भवन **मुकुलारण्यम् डी–57/32 सिगरा, वाराणसी** में अधिष्ठापित जीव रक्षा प्रणाली एवं अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर फायर आडिट रिपोर्ट उपलब्ध कराये जाने विषयक।

—

संदर्भ: अग्निशमन तथा आपात सेवाएं उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या: एफएस–1506–2022(1) दिनांक: नवम्बर 11, 2024

—

कृपया उपरोक्त संदर्भित पत्र का अवलोकन करें, जिसके अन्तर्गत जनपद में स्थित स्कूल/विद्यालय भवन का अग्निशमन सुरक्षा की दृष्टि से फायर आडिट किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त पत्र के आलोक में **मुकुलारण्यम् डी–57/32 सिगरा, वाराणसी** भवन का फायर आडिट अग्निशमन अधिकारी, चेतगंज, वाराणसी द्वारा किया गया, प्राप्त उनकी आख्या के अनुसार निम्न तथ्य प्रकाश में आयें:–

1. **प्रश्नगत् भवन भूतल व द्वितीय तल तक निर्मित है।**
2. **प्रश्नगत भवन तक पहुँच मार्ग की चौड़ाई 20.0 मीटर है।**
3. **प्रश्नगत् भवन के प्रवेश द्वार की चौड़ाई 4.00 मीटर है।**
4. **प्रश्नगत् भवन में एक स्टेयर केस निर्मित है जिसकी चौड़ाई 1.00 मीटर है।**
5. **10,000 लीटर क्षमता का टैरेस टैंक व 450 एल0पी0एम0 क्षमता का टैरेस फायर पम्प।**
6. **डाउनकमर का प्राविधान करके प्रत्येक तल पर लैण्डिंग वाल्व मय होजबाक्स में होजपाइप एवं साधारण ब्रांच सहित।**
7. **होजरील सिस्टम।**
8. **प्रश्नगत् भवन में प्राथमिक अग्निशमन उपकरण (फायर एक्सटिंग्यूशर) 04 अदद, ए0बी0सी0 टाईप क्षमता 05 के0जी0 व एक अदद सी0ओ0टू0 टाइप क्षमता 4.5 के0जी0 अधिष्ठापित पाया गया।**
9. **मैनुअली आपरेटेड फायर एलार्म सिस्टम।**

अतः अग्निशमन अधिकारी चेतगंज, वाराणसी की आख्या के अनुसार **मुकुलारण्यम् डी–57/32 सिगरा, वाराणसी** विद्यालय भवन में स्थापित अग्निशमन व्यवस्थाओ को सदैव कार्यशील दशा में बनाये रखने एवं प्रत्येक वर्ष अग्निशमन विभाग से निरीक्षण कराकर, आनलाइन **upfireservice.gov.in** पर आवेदन कर, अग्निशमन सुरक्षा प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने की शर्त पर फायर आडिट रिपोर्ट निर्गत किया जाता है।

**(आनन्द सिंह राजपूत)**
**मुख्य अग्निशमन अधिकारी,**
**वाराणसी।**

**प्रतिलिपि:–अग्निशमन अधिकारी चेतगंज, वाराणसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

For Mukularanyam English School
Manager

PRINCIPAL
MUKULARANYAM ENGLISH SCHOOL
SIGARA, VARANASI-U.P.